हादसा — नेशनल हाईवे के निकट भावल चौराहे पर हुआ सड़क हादसा, बाइक से घर लौट रहे परिवार को वाहन ने रौंदा, पुलिस कर रही वाहन की तलाश

# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, दो घायल



**नारायणगंज, नवभारत।** नेशनल हाईवे-30 मार्ग पर सड़क हादसों पर ब्रेक नहीं लग पा रहा है। रोजाना हाईवे पर हादसे हो रहे है। जागरूकता अभियान के बावजूद लोग हेलमेट लगाने के लिए जागरूक नहीं हो रहे है, जिससे हादसे में लोग असमय ही अपनी जान गवां रहे है।

शनिवार शाम हाईवे मार्ग में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां नारायणगंज से मंडला की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित ग्राम भावल चौराहे के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

जानकारी अनुसार कोंड्रामाल निवासी उमेश विश्वकर्मा अपनी पत्नी और पुत्री के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर नारायणगंज की तरफ से अपने गांव कोंड्रामाल लौट रहे थे। शाम करीब 5 बजे जैसे ही वे भावल चौराहे के पास पहुंचे, इसी दौरान एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन उन्हें टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे।

### डायल 112 में पहुंचा अस्पताल

बताया गया कि हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने तत्काल डायल 112 और टिकरिया पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 के स्टाफ आरक्षक रामरतन मसकरे, शरद परते और पायलट रंजीत जंघेला मौके पर पहुंचे। टिकरिया थाना पुलिस ने भी घटना स्थल का मुआयना किया और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज के चिकित्सक ने घायलों का परीक्षण किया, जिसमें 45 वर्षीय यमुना विश्वकर्मा पति उमेश विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया गया। हादसे में बाइक चालक उमेश विश्वकर्मा 50 वर्ष और उनकी पुत्री संगीता विश्वकर्मा को गंभीर चोटें आई हैं, जिनका उपचार फिलहाल नारायणगंज अस्पताल में जारी है।

### पुलिस कर रही कार्रवाई

टिकरिया पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और फरार वाहन की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रख दिया गया है। आज रविवार को पीएम के बाद महिला के शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को दिया जाएगा। इस घटना से कोंड्रामाल गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# मकान में लगी आग से लाखों का सामान खाक

▶ पुलिस, फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों ने घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू



**बीजाडांडी।** विकासखंड बीजाडांडी के ग्राम डुडवा खापा में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक विशाल पुराने खपरैल मकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग की लपटे देखते ही देखते पूरे मकान को अपनी आगोश में ले लिया। इस हादसे में घर के भीतर रखा सारा कीमती सामान जलकर राख हो गया, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

आग की शुरुआत होते ही ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए इसे बुझाने का प्रयास शुरू किया। लेकिन लकड़ी और खपरैल का ढांचा होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही बीजाडांडी पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया।

हादसे की जानकारी मिलते ही बीजाडांडी सरपंच डुमारी कुम्हरे संवेदनशीलता दिखाते हुए स्वयं पानी का टैंकर लेकर मौके पर पहुँचे। वहीं बीजाडांडी पुलिस बल ने भी घटनास्थल पर मोर्चा संभाला और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। कुछ ही समय में दो फायर ब्रिगेड गाड़ियाँ भी मौके पर पहुँच गईं। पुलिस, फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की घंटों की संयुक्त मशक्कत के बाद अंततः आग पर काबू पाया जा सका, जिससे आग को पड़ोस के अन्य मकानों में फैलने से रोका गया।

### तहसीलदार ने किया मौका का मुआयना

प्रशासनिक स्तर पर सूचना मिलते ही तहसीलदार समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी तत्काल मौके पर पहुँचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घर में रखा अनाज, कपड़े और अन्य जरूरी सामान पूरी तरह नष्ट हो गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, जिसकी जाँच प्रशासन और पुलिस द्वारा की जा रही है। पीड़ित परिवार ने शासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

# खेरमाई मंदिर में कन्या पूजन के साथ हुआ भंडारा



▶ पिपरिया में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**निवास।** निवास के समीपवर्ती ग्राम पिपरिया में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल रहा। यहाँ स्थित प्रसिद्ध माता खेरमाई मंदिर परिसर में चौकसे परिवार द्वारा भव्य कन्या भोजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता खेरमाई के मंदिर में विशेष पूजन-अर्चन के साथ हुआ। चौकसे परिवार के सदस्यों ने पुरोहितों के सान्निध्य में माता रानी की आरती की और सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के पश्चात कन्या पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें गाँव की नन्हीं कन्याओं के पैर पखारकर उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया और उपहार भेंट किए गए।

कन्या भोजन के उपरांत विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। जैसे-जैसे शाम ढली, श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। इस आयोजन में पिपरिया सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता रानी का आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि भंडारे का सिलसिला देर रात तक निरंतर चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस धार्मिक आयोजन ने पूरे गांव में सामाजिक समरसता और भक्ति का वातावरण निर्मित कर दिया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों का भी विशेष सहयोग रहा।

# पिता की आज्ञा और भक्ति के संगम थे कर्दम ऋषि

▶ जिलहटा में गूंजी भगवान की महिमा



**निवास।** क्षेत्र के ग्राम जिलहटा में श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के द्वितीय दिवस पर कटनी नदावन से आए कथावाचक पं. उदय प्रकाश पांडेय ने कर्दम ऋषि के आदर्श चरित्र और उनकी ईश्वर भक्ति का मार्मिक वर्णन किया।

कथावाचक पं. उदय प्रकाश पांडेय ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि ब्रह्मा जी के पुत्र कर्दम ऋषि जन्मजात विरक्त और भगवान के परम प्रेमी थे। जब ब्रह्मा जी ने उन्हें सृष्टि विस्तार हेतु गृहस्थाश्रम में प्रवेश की आज्ञा दी, तब उन्होंने पिता की आज्ञा और अपने वैराग्य के बीच संतुलन बनाने के लिए सरस्वती नदी के तट पर कठोर तपस्या की। कथा वाचक ने श्रद्धालुओं को सीख देते हुए कहा गृहस्थाश्रम के झंझटों में फंसने से पहले व्यक्ति को उससे बाहर निकलने का मार्ग सीख लेना चाहिए। कथा में बताया गया कि कर्दम जी की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु शंख, चक्र और गदा धारण कर प्रकट हुए। कर्दम ऋषि ने प्रभु की स्तुति करते हुए कहा कि ईश्वर को पाकर भी यदि कोई सांसारिक वस्तु मांगता है, तो वह माया द्वारा ठगा गया है। उन्होंने प्रभु से ऐसी पत्नी की कामना की जो उनके गृहस्थाश्रम के साथ-साथ साधना में भी सहायक बने।

**आगामी कार्यक्रम**-कथा के समापन पर यज्ञाचार्य रमाकांत शास्त्री ने आरती संपन्न कराई। उन्होंने श्रद्धालुओं को जानकारी दी कि कथा के तीसरे दिन कपिलोख्यान भगवान कपिल का अवतार का विशेष प्रसंग सुनाया जाएगा। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में ग्रामवासी और क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया मां वीणापाणि का प्राकट्य उत्सव

▶ बसंत पंचमी पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**भुआ बिछिया।** माघ शुक्ल पक्ष बसंत पंचमी के दिन माता वीणापाणि का प्रगट उत्सव सरस्वती शिशु मंदिर भुआ बिछिया विद्यालय में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया सरस्वती पूजन के साथ पाटी पूजन शैक्षिक व्यवस्थाओं की प्रदर्शनी शिशु नगरी के कार्यक्रम जिसमें प्राथमिक कक्षा के भैया बहनों के द्वारा नृत्य शारीरिक प्रदर्शन किए गए और माताओ का कुर्सी दौड़ जलेबी दौड़ एवं सुई धागा दौड का कार्यक्रम संपन्न हुआ और स्थान प्राप्त माताओ को शील्ड से पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य जी के द्वारा बसंत पंचमी मे मां की पूजन एवं समाज में सरस्वती शिशु मंदिर का स्थान क्या है एवं आपके शिशुओं के लिए सरस्वती विद्यालय की आवश्यकता के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया सभी माताओं बहनों ने उत्साह पूर्वक इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को रोचक बनाया। इसके साथ ही पूजा में सम्मिलित भैया बहनों के जीभ में ओम लिखकर एवं लेखनी में श्री गणेशाय नमः लिखकर हवन पूजन से उनका विद्यारंभ संस्कार संपन्न कराया गया।

# युवक-युवतियों ने मंच पर पहुंचकर दिया परिचय

▶ धनगर यादव समाज का परिचय सम्मेलन



**जबलपुर।** धनगर यादव समाज द्वारा रामपुर में परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों इंदौर, भोपाल, सागर, हरदा, नरसिंहपुर, मंडला, इटारसी सहित कई क्षेत्रों से समाजजन बड़ी संख्या में शामिल होने पहुंचे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में बायोडाटा प्रस्तुत किए गए तथा उपस्थित युवक-युवतियों ने मंच पर पहुंचकर अपना परिचय दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बसंत पंचमी के पावन अवसर पर लक्ष्मी नारायण मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद परिचय सम्मेलन की विधिवत शुरुआत हुई।इस आयोजन में समाज के प्रबुद्धजनों ने विभिन्न जिलों से पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सम्मेलन में जबलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल हुए, साथ ही जबलपुर से बाहर के जिलों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। कार्यक्रम दिन से लेकर रात तक लगातार चलता रहा। धनगर यादव समाज द्वारा इस सफल आयोजन के लिए सभी उपस्थित समाजजनों, अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का अध्यक्ष रामरतन यादव अजीत यादव एडवोकेट रामाशंकर यादव अरुण यादव पूरन यादव संजू मुकेश यादव डॉक्टर कृष्ण कुमार यादव राकेश यादव प्रवीण धनगर राजेश यादव रंजन सुनील यादव राजकुमार यादव अरविंद यादव धीरज यादव मूलचंद यादव कृष्ण कुमार यादव सौरव यादव सिद्धार्थ यादव राजकुमार यादव कमल यादव आदर्श यादव आभार व्यक्त किया गया।



# केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** जिले में सीजीएचएस की सुविधाएं बढ़ाने हेतु विजन जबलपुर के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में एकत्रित हुए तथा सबने मिलकर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा का स्वागत किया तथा जबलपुर में सीजीएचएस की सुविधाओं में विस्तार हेतु उन्हें पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में जबलपुर में डिस्पेंसरी की संख्या बढ़ाकर कम से कम 9 से 10 के बीच में करने ,सभी डिस्पेंसरी में डॉक्टर एवं पैरामेडिकल की संख्या में बढ़ोतरी करने की मांग रखी गई है। अपर निदेशक सीएचएस का कार्यालय जो विगत 3 दशकों से किराए पर चल रहा है और करोड़ों रुपए बतौर किराया दिया जा चुके हैं, इस भवन को सरकारी भवन के रूप में निर्मित करने और स्थापित करने का आग्रह भी किया गया है, इसके साथ ही साथ सातवें वेतन आयोग में निर्धारित वेतनमान के अनुरूप वार्ड की पात्रता सभी पुराने रिटायरीज को प्रदान करने की मांग भी रखी गई हैऔर सीजीएचएस के सभी लाभार्थियों को कम से कम सेमी प्राइवेट वार्ड की पात्रता प्रदान करने की मांग भी इस ज्ञापन पत्र में रखी गई है।,सीजीएचएस पोर्टल पर फीडबैक एवं सुझाव की उचित व्यवस्था का अनुरोध किया है* जिससे सी जी एच एस लाभार्थी अपना फीडबैक उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकें। अवसर पर सांसद आशीष दुबे एवं विधायक अशोक रोहाणी ,विजन जबलपुर की ओर से अध्यक्ष राजेंद्र सिंह के साथ सी एस राजपूत, एम एन सिंह,प्रदीप श्रीवास्तव, अरुण दुबे, सिरिल चार्ल्स ,एसके बनर्जी ,पी के गर्ग ,कृष्णमूर्ति,कृपा शंकर शर्मा, ए के चटर्जी ,अनूप मजूमदार, बी.बी. मोगा, अशोक राजपूत, एस के यादव ,यशवंत राव ,आर एस ठाकुर ,विजय सूर्यवंशी, मलकीत सिंह , टेकचंद अधिकारी, मनोहर श्रीवास, छोटेलाल सेन, आदि प्रतिनिधिमंडल के रूप में उपस्थित थे ।

# बीमा योजना का सभी वर्ग को दिया जाए लाभ : जितेंद्र सिंह

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, महामंत्री जितेंद्र सिंह ने सुझाव पत्र अपर मुख्य सचिव को प्रेषित कर सुझाव दिया है कि मुख्यमंत्री कर्मचारी एवं पेंशनर्स व्यापक स्वास्थ्य आश्वासन योजना पंचायत सचिव, सह सचिव, निगम मण्डल, स्वशासी महाविद्यालय एवं स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों में कार्यरत कर्मचारी एवं स्थायी कर्मी दैनिक वेतन भोगी को भी जोड़ा जावे। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता अनिल भार्गव ने बताया है कि मुख्यमंत्री कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना के आधार पर एडमिट कर्मचारी का हॉस्पिटल में एडमिट का प्रमाण-पत्र साफ्टवेयर से प्राप्त हो जिसके आधार पर अवकाश स्वीकृत की मांग भी शामिल है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी,आलोक अग्निहोत्री, योगेन्द्र मिश्रा, राजा राम डेहरिया, अर्जुन सोमवंशी, सुशील गुप्ता, अरुण पटेल, सतीश उपाध्याय, जी पी द्विवेदी, ने पेंशनरों को नियमित कर्मचारियों की भांति चार स्टेज में कटौत्रा किए जाने के प्रावधान करने शर्त जोड़ने एवं संघ के सुझाव पत्र की सभी मांगों पर आदेश जारी करने की मांग की है।



# नमामि देवी नर्मदे से गुंजायमान हुआ मंच

▶ धार्मिक गीतों पर जमकर झमे श्रोता

**जबलपुर।** रामजी की निकली सवारी, मेरे घर राम आए हैं., मां शारदे वर दे हमें, नमामि देवी नर्मदे जैसे धार्मिक गीतों की दिलकश प्रस्तुति ने श्रोताओं को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। अवसर था स्वर्ण सरोवर गीतमाला के दत्त मंदिर में आयोजित धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन का। सदाबहार सुमधुर गीतों ने भी समां बांधा। विकास और श्रेया खंडेलवाल ने तनिष्क शुक्ला को इंडियन आइडल में शीर्ष में पहुंचाने के लिए वोटिंग अपील की। मंच संचालन राजेश पाठक 'प्रवीण', डॉ पुरुषोत्तम सराफ तथा अयाज़ मंसूरी ने किया। कार्यक्रम में सीता सराफ, रूमा बैनर्जी, नीलम खरे, अर्चना खंडेलवाल, प्रीति मिश्रा, रजनी ठाकुर, मंजू चतुर्वेदी, प्रीति मराठा, छाया तिवारी, डॉ पुरुषोत्तम सराफ, डॉ अनिल वाजपेई,डॉ शरद नारायण खरे, महेश मेश्राम, संतोष गोगिया, विजय जाटव, आशुतोष तिवारी, महेंद्र मिश्रा, विजय गलांडे, संजय सराफ, संदीप विश्नोई, नीरज शुक्ला, महेंद्र मिश्रा आदि ने हृदयानुरागी गीतों की सुर-सरिता प्रवाहित की।

# सीजीएसटी जबलपुर को मिला प्रथम राजभाषा पुरस्कार

**नवभारत, जबलपुर।** भारत सरकार ,गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा केंद्रीय जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, जबलपुर (मप्र) को वित्तीय वर्ष 2024 -25 के लिए राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए मध्य क्षेत्र के सभी बडे केंद्र शासकीय कार्यालयो में से सीजीएसटी जबलपुर को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

बीते 20 जनवरी 2026 को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर में आयोजित मध्य, पश्चिम, दक्षिण व दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों (04 क्षेत्र) के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बंडी संजय कुमार , गृह राज्य मंत्री के करकमलों द्वारा प्रभात डंडोतिया ,अपर आयुक्त को राजभाषा पुरस्कार की शील्ड तथा अभिनव उज्जैनिया , उप आयुक्त को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथि के रूप में शंकर लालवाणी, सांसद, इंदौर, सुश्री अंशुलि आर्या, सचिव, राजभाषा विभाग, राकेश सिंघई , कुलपति, देवी अहिल्या विश्व विद्यालय, इंदौर, जे.एल.रेड्डी, हिंदी शिक्षाविद, हैदराबाद, नर्मदा प्रसाद, हिंदी शिक्षाविद, इंदौर एवं सुदाम पी.खाड़े,मंडल आयुक्त, इंदौर समेत लगभग 16 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के केंद्र सरकार के कार्यालयों, बैंकों व उपक्रमों से वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

